>

Title: Need to provide employment opportunities to the people whose land has been acquired by Public Sector Undertakings in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): महोदय, भारत सरकार के उपक्रमों कोल इंडिया लिमिटेड, दामोदर वैली कारपोरेशन एवं बोकारो स्टील प्लांट आदि जो झारखंड राज्य में स्थित हैं, इनके द्वारा भूमि अधिग्रहण करने के पश्चात विस्थापित धरती पुत्र दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। न ही इन्हें नौकरी दी गयी और न ही इन्हें मुआवजा दिया गया है। इससे सम्बन्धित विस्थापन पुनर्वास के नियम तो जरूर बने हैं, परन्तु उनका अनुपालन इन उपक्रमों द्वारा नहीं किया जा रहा है। जो न ही राज्य सरकार के हित में है और न ही विस्थापित धरती पुत्रों के हित में। इस कारण से राज्य में इन उपक्रमों के द्वारा अपने कार्य विस्तार हेतु या नये कल-कारखाने लगाने हेतु भारत सरकार को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिससे राज्य में उद्योग एवं रोजगार की संभावनाएं क्षीण होती जा रही हैं।

अतः मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह है कि विस्थापन-पुर्नवसन की नीति का अनुपालन करने हेतु वहां के लोगों को रोजगार मुहैया कराया जाये। इन्हीं सब बातों के साथ आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।